दिनांक 15.10.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2 अन्तर्गत रू0 500.00 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

---

1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा

➢ **पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण (ERM) कार्यः–**

विभागीय पत्रांक 1234 दिनांक 17.07.2025 द्वारा उक्त कार्य हेतु राशि रू0 7832.29 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदत्त है।

पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–ए) का एकरारनामा संवेदक Megha Engineering & Infrastructure Ltd., Hyderabad. के साथ किया गया है जिसका एकरारित राशि रू0 3484.24 करोड़ है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 27.09.2025 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.09.2028 है। पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–ए) के तहत मुख्य रुप से निर्मित नहर प्रणाली पर 1,22,75,466 घनमीटर मिट्टी का कार्य, 313 कि0मी0 लाईनिंग का कार्य, 211 कि0मी0 रोड का कार्य, 664 संरचना का कार्य का प्रावधान किया गया है। वर्त्तमान में 26,91,116 घनमीटर मिट्टी कार्य, 4.20 कि0मी0 लाईनिंग का कार्य तथा 8.10 कि0मी0 रोड का कार्य किया गया है। कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 4.50 प्रतिशत है तथा वित्तीय प्रगति 7.70 प्रतिशत है।

पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–बी) अंतर्गत 80 प्रतिशत भू–अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत निविदा आमंत्रित करने की कार्रवाई किया जाना है। इसके तहत उग्रनाथ शाखा नहर (37.00 कि0मी0 से 70.26 कि0मी0), विदेश्वरस्थान उप शाखा नहर (27.90 कि0मी0 से 48.78 कि0मी0) तथा काकरघाटी शाखा नहर (38.01 कि0मी0 से 82.81 कि0मी0) का विस्तारीकरण का कार्य का प्रावधान है। उक्त तीनों नहरों के विस्तारीकरण से 58658 हे0 अतिरिक्त कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र (सी0सी0ए0) का सृजन होगा। इस योजना को मार्च 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उक्त तीनों नहरों एवं उनके प्रणालियों के लिए लगभग 5749 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। उक्त नहरों का एलाईनमेंट अनुमोदित किया जा चुका है तथा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (SIA) का कार्य प्रस्ताव जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मधुबनी/दरभंगा को भेजा जा चुका है। परामर्शी Aarvee Associates Architects Engineers & Consultants Pvt. Ltd., Hyderabad द्वारा बताया गया कि EIA/EMP प्रतिवेदन राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिनांक 24.08.2026 को भेजा गया था जिसपर समस्तीपुर जिले में दिनांक 03.10.2026 को मधुबनी जिले में दिनांक 06.10.2026 एवं दरभंगा जिले में दिनांक 07.09.2026 को Public Hearing की गयी है। EIA/EMP से संबंधित अंतिम प्रतिवेदन माह अक्टूबर 2026 के अंत तक परिवेश पोर्टल 2.0 पर अपलोड कर दिया जायेगा।

सचिव महोदय द्वारा EIA/EMP प्रतिवेदन को अंतिम रुप देते हुए शीघ्र परिवेश पोर्टल 2.0 पर अपलोड करने हेतु परामर्शी Aarvee Associates Architects Engineers & Consultants Pvt. Ltd., Hyderabad को निदेशित किया गया। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को संबंधित जिला भू–अर्जन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कार्य में प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया।

(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा/झंझारपुर/मधुबनी /जयनगर एवं कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/केवटी/सकरी/झंझारपुर/कुनौली/खजौली/मधुबनी/राजनगर/खुटौना/बेनीपट्टी/अंधराठाढ़ी)

➢ **मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रूपांतरण कार्य**

मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर में कमला नदी पर निर्मित वीयर के बराज में रुपांतरण कार्य हेतु राशि रू0 405.6627 करोड़ (पुनरीक्षित 642.6437 करोड़) का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति संसूचित है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य का भौतिक प्रगति 82.48 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 78.98 प्रतिशत है। मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि एप्रोच रोड, लिंक कैनाल, नदी का बेंचिंग का कार्य तथा पुराने वीयर का डिसमेंटलिंग का कार्य जो योजना का अभिन्न भाग है, का प्रावधान बाद में किये जाने के कारण कार्य में कुछ विलंब हुआ है। योजना में कोई बाधा नहीं होने की बात बतायी गई। योजना को जून 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

सचिव महोदय द्वारा कार्य का ससमय पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया।

(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/कार्यपालक अभियंता, कमला नहर प्रमंडल, जयनगर)

2. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान

गोपालगज, सिवान एवं सारण जिलान्तर्गत 1.58 लाख हे० सिंचाई क्षमता का सृजन एवं 1.47 लाख हे0 सिचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) हेतु योजना का कार्यान्वयन 09 अद्द ग्रुपों में विभक्त कर कराया जा रहा है।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम बताया गया कि वर्तमान में योजना का समेकित भौतिक प्रगति 70.8 प्रतिशत है एवं सिंचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.47 लाख हे० के विरूद्ध 1.005 लाख हे० का पुनर्स्थापन एवं सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.50 लाख हे० के विरुद्ध 0.753 लाख हे0 का सृजन की उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है।

समीक्षा के क्रम क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा योजना के ग्रुपवार भौतिक प्रगति, वृक्ष पातन तथा विद्युत पोल के विस्थापन कार्य के संबंध में बताया गया, जिसकी स्थिति निम्नांकित है:–

(A) प्रगति की समीक्षा

भौतिक प्रगति

ग्रुप सं0	संवेदक	नोडल प्रमंडल का नाम	कार्य पूर्ण करने की तिथि	कार्य की लागत राशि (करोड़ में)	भौतिक प्रगति (प्रतिशत में)	कार्य की प्रगति में मुख्य व्यवधान	अभ्युक्ति
01	M/S RKS Engicon Pvt. Ltd	सारण नहर प्रमंडल, भोरे	13.02.2026	156.2	38.65	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	
02 (ग्रुप सं0–07 सहित)	M/S Baibhav Pvt. Ltd.	सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज	31.05.2026	349.09	49.80	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	
03	M/S Baibhav Pvt. Ltd.	सारण नहर प्रमंडल, मैरवा	31.05.2026	157.61	82.63	वृक्ष पातन	
04	M/S Sri Ram Enterprises	सारण नहर प्रमंडल, सिवान	15.05.2027	288.13	33.75	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	
05	M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd.	सारण नहर प्रमंडल, एकमा	31.05.2026	337.70	87.67	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	
06	M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd.	सारण नहर प्रमंडल, छपरा	31.05.2026	323.70	89.94	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	
08	M/S Patel Engg.	सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज	31.05.2026	245.42	92.28	वृक्ष पातन	
09	M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd.	सारण नहर प्रमंडल, मैरवा	31.03.2027	158.52	46.34	वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल का विस्थापन	

वृक्षपातन की प्रगति

Name of Division	Groups	Tree req. to cut	Tree felled	Progress
Saran Canal Division, Chappra	5,6	2066	475	22.99%
Saran Canal Division, Siwan	4,8	1200	245	20.42%
Saran Canal Division, Mairwa	3,9	2550	609	23.88%
Saran Canal Division, Maharajganj	5,6	237	182	76.79%
Saran Canal Division, Marhaura	2	1730	410	23.70%
Saran Canal Division, Gopalganj	8	527	354	67.17%
Saran Canal Division, Bhore	1,2,4	4446	1715	38.57%
	Total	**12756**	**3990**	**31.28%**

विद्युत पोल के विस्थापन की प्रगति

Name of Division	Groups	Pole to be shifted	Pole shifted	Progress
Saran Canal Division, Chappra	5,6	100	10	10.00%
Saran Canal Division, Siwan	4	302	40	13.25%
Saran Canal Division, Mairwa	9	37	0	0.00%
Saran Canal Division, Maharajganj	5,6	54	29	53.70%
Saran Canal Division, Marhaura	2	429	28	6.53%
Saran Canal Division, Bhore	1,2,4	595	0	0.00%
	Total	**1517**	**107**	**7.05%**

(B) समीक्षा के क्रम मे उद्धृत बिन्दुएँ:–

- मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान प्रक्षेत्राधीन कार्यान्वित पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) योजना की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाया गया जिसके कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य की प्रगति में तेजी लाने का निदेश दिया गया।
- सारण नहर प्रमंडल, भोरे एवं सारण नहर प्रमंडल, मैरवा अन्तर्गत विद्युत पोल के विस्थापन कार्य की प्रगति शून्य पाया गया।
- सारण नहर प्रमंडल, भोरे अन्तर्गत कार्यान्वित कार्यों में बाधक बने विद्युत पोलों के विस्थापन की प्रगति के संबंध में कार्यपालक अभियंता से पृच्छा के क्रम में प्राप्त उत्तर से असंतोष व्यक्त किया गया। इस संबंध में विद्युत पोल के विस्थापन की प्रगति शून्य रहने वाले प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(C) बैठक में दिये गये निर्देश

वैसे सभी प्रमंडल जहॉ विद्युत पोल विस्थापन का कार्य प्रारभ नहीं हो पाया है, के कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान)

3. **मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा**

1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा द्वारा बताया गया कि पूर्वी कोशी मुख्य नहर के सेटलिंग बेसिन नये रूपांकित जलश्राव 20000 क्यूसेक के अनुसार CWPRS, Pune द्वारा मॉडल स्टडी किया जा रहा है, जिसका Design उनके द्वारा दिनांक 25.10.2026 तक समर्पित किया जायेगा।

(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/संवेदक Rithwik Project Pvt. Ltd)

2. बताया गया कि कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना के फेज–1 अन्तर्गत प्रावधानित 17 अदद हेड रेगुलेटर के विरूद्व 8 अदद मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है, शेष 9 अदद हेड रेगुलेटर तथा 5 अदद क्रॉस रेगुलेटर मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना को समर्पित है, जिसे उनके द्वारा एक सप्ताह के अन्दर अनुमोदित किया जायेगा।

(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना)

3. बताया गया कि कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना के फेज–1 अन्तर्गत प्रावधानित 07 अदद Canal Syphon तथा 01 अदद Syphon Aquaduct का Design IIT Hyd से भेटिंग कराकर संवेदक द्वारा दिनांक 25.10.2026 तक समर्पित किया जायेगा।

(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/ संवेदक Rithwik Project Pvt. Ltd.)

4. बताया गया कि फेज–II के कार्य के लिए मुख्य नहर हेतु किशनगंज जिलान्तर्गत 36 गांवों के विरूद्व 35 गांवों तथा अररिया जिला के 39 गांवों के विरूद्व 39 गांवों का LA Plan जिला पदाधिकारी को समर्पित कर दिया गया है। शेष किशनगंज जिलान्तर्गत 01 गांव का LA Plan जिला पदाधिकारी को शीघ्र समर्पित करने तथा शाखा नहरों, वितरणी एवं लघुनहरों के निर्माण हेतु अररिया, किशनगंज, कटिहार एवं पूर्णियां जिलों में भू–अर्जन के लिए LA Plan नवम्बर 2026 तक तैयार कर संबंधित जिला पदाधिकारी को समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया है।

(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/संवेदक Citizens Foundation NGO)

5. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (NWDA) द्वारा कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना हेतु समर्पित DPR (प्राक्कलित राशि रू0 10721.41 करोड.), Representative Design, Drawing के आलोक में विस्तृत कार्यकारी Design एवं Drawing तैयार कर अनुमोदित करने हेतु मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, अनिसाबाद, पटना को निदेशित किया गया।

(कार्रवाईः–मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना)

Nikhil Kumar 23/10/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–157/2025– 2088 / पटना, दिनांक– 23-10-2026

प्रतिलिपिः– सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

Nikhil Kumar 23/10/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–157/2025– 2088 / पटना, दिनांक– 23-10-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सुजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा/ सिवान/दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों/संवेदक को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

Nikhil Kumar 23/10/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–157/2025– 2088 / पटना, दिनांक– 23-10-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Nikhil Kumar 23/10/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–157/2025– 2088 / पटना, दिनांक– 23-10-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

Nikhil Kumar 23/10/2026

(निखिल कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन